EDII

People's Samachar

June 03, 2023

राज्यपाल ने किया राष्ट्रीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का शुभारंभ

उज्जैन। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि महिलाओं ने उद्यमिता के क्षेत्र में जो मेहनत की है, इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। हमारी मातृशक्ति की पहचान संकल्प और शक्ति है। वह लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं के विकास के विजन को लेकर आगे बढ़ रहा है। इस बार का केंद्रीय बजट भी इसी बात को रेखांकित करता है। महिलाओं को जी-20 के माध्यम से वैश्विक मंच मिल रहा है। आज विकास के मामले में पांच उद्यमियों में से एक उद्यमी महिला उभरकर सामने आ रही है। महिलाओं के आर्थिक विकास के मामले में स्व-सहायता समूह ने उल्लेखनीय कार्य किया है। इसके पूर्व राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के राज्यमंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर विक्रम कीर्ति मंदिर में भारतीय उद्यमिता संस्थान एवं राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर की शुरुआत की गई।